हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शुक्रवार • 15.08.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 25 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### शुभकामना संदेश

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर *प्रत्यूष नवबिहार* की ओर से सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं हॉकरों सहित शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

(संपादक)

### अवकाश की सूचना

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर *प्रत्यूष नवबिहार* का कार्यालय 15 अगस्त को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित किया जायेगा।

(संपादक)

**एक नजर**

## झारखंड पुलिस के 17 पुलिसकर्मियों को मिला वीरता, राष्ट्रपति और सेवा पदक

**रांची** : झारखंड पुलिस के एक आईपीएस सहित 17 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को वीरता, राष्ट्रपति और सराहनीय सेवा पदक मिला है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विभिन्न श्रेणियों में इन सभी 17 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से पांच पुलिस अधिकारी और कर्मी को वीरता पदक, एक पुलिसकर्मी को राष्ट्रपति पदक और 11 पुलिसकर्मी को सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित किया गया है।

# किश्तवाड़ में बादल फटने से भारी तबाही, 33 लोगों की मौत, 220 लापता

एजेंसी

**किश्तवाड़** : जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चशोती में दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच उस समय बादल फटा जब बड़ी संख्या में लोग मचैल माता मंदिर की यात्रा के लिए एकत्र हुए थे। चशोती से मंदिर तक की 8.15 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू होती है। टीवी रिपोर्ट के अनुसार 33 शव बरामद किए गए हैं और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। चशोती किश्तवाड़ से लगभग 90 किलोमीटर दूर 9,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। श्रद्धालुओं के लिए आयोजित लंगर को बादल फटने से भारी नुकसान हुआ। बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई।




### किश्तवाड़ हादसे पर पीएम मोदी ने किया ट्वीट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, 'मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। जरूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### गृह मंत्री ने जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बादल फटने की घटना पर दुख जताते हुए ट्वीट किया, 'किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य चला रहा है। एनडीआरएफ की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। हम स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और हर परिस्थिति में जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।'

### राहत और बचाव कार्य शुरू

अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद मंदिर की वार्षिक यात्रा स्थगित कर दी गई है तथा प्राधिकारी सभी संसाधन जुटाने और बड़े पैमाने पर बचाव एवं राहत अभियान चलाने के लिए घटनास्थल रवाना हो गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के दो दल उधमपुर से किश्तवाड़ भेजे गए हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी किश्तवाड़ के उपायुक्त से बात की केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा से इस संबंध में बात की है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, चशोती क्षेत्र में बादल फटने की एक बड़ी घटना हुई है, जिससे भारी जनहानि होने की आशंका है। प्रशासन कार्रवाई में तुरंत जुट गया है और बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। उन्होंने कहा कि क्षति का आकलन किया जा रहा है और आवश्यक बचाव एवं चिकित्सा प्रबंधन व्यवस्था की जा रही है।

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जताया दुःख

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना में हुई जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, किश्तवाड़ के चशोती में बादल फटने की घटना से व्यथित हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। असैन्य, पुलिस, सेना, एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) और एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) अधिकारियों को बचाव एवं राहत अभियान को और तेज करने तथा प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।




स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के पारंपरिक श्राद्ध कर्म के आज 10वें दिन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति हेतु स्थानीय पारंपरिक विधान पूरा किया। तत्पश्चात परिवार की वरिष्ठ सदस्य दीपमनी सोरेन के साथ श्राद्ध-कार्यक्रम से संबंधित सलाह-मशविरा हुआ।

## मुख्यमंत्री ने स्वयं ई-रिक्शा चलाकर श्राद्ध कर्म की तैयारियों का लिया जायजा



स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के श्राद्ध कर्म की तैयारियों का मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने जायजा लिया। उन्होंने स्वयं ई-रिक्शा चलाकर पूरे आयोजन स्थल का भ्रमण किया और हर पंडाल में जाकर व्यवस्थाओं की बारीकी से निगरानी की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों के लिए सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग, टेंट, बैठने की व्यवस्था और शौचालय की पर्याप्त सुविधा सुनिश्चित की जाए, साथ ही यातायात व्यवस्था इस प्रकार बनाई जाए कि किसी को भी दुश्वारी न हो। इस अवसर पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और नेमरा गांव के लोग मौजूद रहे।



हिन्दी दैनिक

प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 15.08.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 25 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये


# ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की रणनीतिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष देश को आतंकवाद का कष्ट सहना पड़ा, लेकिन भारत ने अपनी एकता और संकल्प के साथ उसका निर्णायक जवाब भी दिया। उन्होंने आतंकवाद के विरुद्ध ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न को भारतीय सेना की रणनीतिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया।


स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर

राष्ट्रपति ने कहा कि कश्मीर घूमने गए निर्दोष नागरिकों की हत्या एक कायरतापूर्ण और नितांत अमानवीय कृत्य था, जिसने पूरे देश को व्यथित किया। उन्होंने कहा, इस हमले का जवाब भारत ने फौलादी संकल्प और निर्णायक तरीके के साथ दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया कि हमारे सशस्त्र बल हर परिस्थिति का सामना करने में पूर्णतः सक्षम हैं। उन्होंने इस सैन्य अभियान को आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की लड़ाई में एक ऐतिहासिक मिसाल बताया और कहा कि हमारी सेनाओं ने तकनीकी दक्षता और अनुशासन के साथ सीमापार आतंकी ठिकानों को नष्ट किया।

राष्ट्रपति मुर्मु ने आतंकवाद के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में देश की एकता को सबसे बड़ी विशेषता करार दिया। उन्होंने कहा कि यही एकता उन शक्तियों को सबसे सशक्त उत्तर है जो भारत को विभाजित करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति और कूटनीतिक दृष्टिकोण में भी यह एकता परिलक्षित हुई, जब विभिन्न देशों में गए बहुदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडलों ने एक स्वर में भारत का पक्ष रखा।

राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व समुदाय ने यह स्पष्ट रूप से देखा कि भारत आक्रमणकारी नहीं है, लेकिन अपने नागरिकों की रक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई में तनिक भी संकोच नहीं करेगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन की एक सफल परीक्षा बताया।

उन्होंने कहा कि भारत अब रक्षा क्षेत्र में भी स्वदेशी निर्माण के बल पर आत्मनिर्भर होता जा रहा है। उन्होंने इसे स्वाधीन भारत के रक्षा इतिहास में एक नए अध्याय की शुरूआत बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वदेशी रक्षा उपकरणों और तकनीकों के माध्यम से सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, जिससे यह सिद्ध हो गया कि भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर निर्णायक कदम बढ़ा चुका है। उन्होंने देशवासियों को आत्मनिर्भरता, सुरक्षा, प्रकृति और लोकतंत्र के गौरव को नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान किया।

राष्ट्रपति ने पर्यावरण के प्रति संवेदना पर जोर देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हमें अपनी आदतों, दृष्टिकोण और प्रकृति के साथ संबंधों में बदलाव लाना होगा। हमारा लक्ष्य एक ऐसी पृथ्वी छोड़ना है जहां जीवन प्राकृतिक रूप में फल-फूल सके। उन्होंने अपने संबोधन में देश की लोकतांत्रिक यात्रा, सामाजिक-आर्थिक प्रगति, तकनीकी विकास और युवा, महिला एवं हाशिये के समुदायों की भूमिका पर विस्तृत विचार रखे। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने पर्यावरण संरक्षण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौती को गंभीर बताते हुए कहा कि इसके समाधान के लिए हमें अपनी जीवनशैली, दृष्टिकोण और प्रकृति से संबंधों में बदलाव लाना होगा। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे पर्यावरण की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करें ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और समृद्ध पृथ्वी सौंपी जा सके। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसी धरती छोड़ कर जाएं जहां जीवन अपने नैसर्गिक रूप में फलता-फूलता रहे। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त भारत के लिए केवल एक तारीख नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। यह दिन उन करोड़ों भारतीयों के स्वप्न का साकार रूप है, जिन्होंने आजादी की चाह में संघर्ष किया और बलिदान दिया।राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि कल, जब हम अपने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगे, तब हम उन स्वतंत्रता सेनानियों को भी श्रद्धांजलि देंगे, जिनके प्रयासों से 78 वर्ष पहले हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई। भारत ने स्वतंत्रता के तुरंत बाद सभी नागरिकों को समान मताधिकार देकर लोकतंत्र को अपनाया, जो उस समय विश्व की कई लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में भी नहीं था। भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे लिए हमारा संविधान और हमारा लोकतंत्र सर्वोपरि है।

झारखंड के सभी 35000 सरकारी विद्यालयों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# 32 लाख छात्र-छात्राओं ने दी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** गुरुवार को झारखंड राज्य के सभी 35,000 सरकारी विद्यालयों में झारखंड आंदोलन के पुरोधा, समाज सुधारक,झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन जी की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन जी के संघर्षशील जीवन और समाजहित में दिए गए अतुलनीय योगदान से अवगत कराना था। श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के 1 लाख से अधिक शिक्षक, 32 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के अलावा समुदाय से दो लाख से अधिक आम लोग, एसएमसी सदस्य और अभिभावक शामिल हुए।

विद्यालयों में प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के दौरान मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा स्वर्गीय 'दिशोम गुरु' के जीवन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उनके सामाजिक न्याय, आदिवासी अधिकारों की रक्षा, भूमि सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

विद्यालयों में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि वे दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के दिखाए मार्ग पर चलते हुए जीवन में सत्य, न्याय और समाज सेवा के मूल्यों को आत्मसात करेंगे, और एक जागरूक, उत्तरदायी नागरिक के रूप में राष्ट्र और समाज के विकास में सक्रिय योगदान देंगे।

श्रद्धांजलि सभा के बारे में विभागीय सचिव श्री उमाशंकर सिंह ने बताया कि दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन जी का जीवन न केवल राजनीतिक रूप से प्रेरणादायी था, बल्कि उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में झारखंडी अस्मिता, संस्कृति और आदिवासी समाज की उन्नति के लिए संघर्ष किया। उनके विचार आज भी समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं को सत्य, सेवा, संघर्ष और समर्पण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं।




# स्वतंत्रता दिवस को लेकर रांची के ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव, शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** शहर में यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने के लिए 15 अगस्त को ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। शहर में सुबह 6 से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर 4 जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मुख्य अतिथि का कारकेड और वीवीआईपी वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था मुख्य मंच के पीछे की गई है। पदाधिकारियों के वाहनों को मुख्य मंच के पश्चिम नीलांबर-पीतांबर पार्क के समीप लगाने की व्यवस्था की गई है। वहीं, वीवीआईपी पास युक्त वाहन मुख्य मंच के पश्चिम में बने पार्किंग स्थल पर पार्क कर सकेंगे। मीडियाकर्मियों के लिए बापू वाटिका के सामने स्थित आर्मी ग्राउंड से सटे स्थल पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल के चारों तरफ 16 जगहों पर ड्रॉप गेट लगाए गए हैं। सभी ड्रॉप गेट पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। उनको सख्त निर्देश दिया गया है कि किसी भी हाल में वाहन सवार को ड्रॉप गेट से आगे जाने की अनुमति नहीं देंगे। मोरहाबादी मैदान स्थित आयोजन स्थल तक सिर्फ पासयुक्त वाहनों को ही आने-जाने की अनुमति दी जाएगी। ट्रैफिक एसपी ने गुरुवार को इस संबंध में जानकारी दी।

## इन जगहों पर बने हैं ड्रॉप गेट

- डीसी आवास : वीवीआईपी, अफसर और मीडियाकर्मी का प्रवेश।
- दीनदयाल नगर : सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित।
- डीसी आवास से आगे मोड़ : वीआईपी, अफसर और मीडिया का प्रवेश ।
- स्व. शिबू सोरेन आवास के बगल वाले मार्ग : वाहनों का प्रवेश वर्जित।
- हॉकी स्टेडियम के पास और आर्मी मैदान के सामने समारोह में जाने वाले अफसर और मीडिया के वाहनों का प्रवेश।
- सब्जी बाजार मोड़ : समारोह में भाग ट्रांसफार्मर मोड़ : सिर्फ पासयुक्त लेने वाले और पासयुक्त वाहनों का प्रवेश।

## यहां तक आ सकेंगे बडे वाहन

- रिंग रोड से बोड़या के रास्ते शहर में आने वाले वाहन : बोड़ेया तक।
- चाईबासा-खूंटी से शहर की ओर आने वाले वाहन : बिरसा चौक तक।
- पलामू-लोहरदगा से शहर की ओर आने वाले वाहन : तिलता चौक तक।
- गुमला, सिमडेगा से शहर की ओर आने वाले वाहन : आईटीआई बस स्टैंड तक।
- जमशेदपुर से शहर की ओर आने वाले वाहन : नामकुम स्थित दुर्गा सोरेन चौक तक।
- जमशेदपुर से सदाबहार चौक के रास्ते शहर तक आने वाले वाहन : कुसई घाघरा तक।
- पतरातू से कांके रोड होते हुए शहर तक आने वाले वाहन : चांदनी चौक तक।
- बूटी मोड़ से बरियातू रोड होते हुए शहर तक आने वाले वाहन : बूटी मोड़ तक।




# शिक्षकों के अंतर-जिला तबादले का मामला पहुंचा उच्च न्यायालय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में शिक्षकों के अंतर-जिला तबादले को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। फणींद्र मंडल सहित 48 शिक्षकों ने अपने तबादले के आवेदन खारिज किए जाने को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। याचिका अधिवक्ता चंचल जैन के माध्यम से गुरुवार को दाखिल की गई है। याचिकाकताओं का कहना है कि ऑनलाइन टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर उनके आवेदन केवल इस आधार पर खारिज कर दिए गए कि उनके जीवनसाथी (पति या पत्नी) सरकारी कर्मचारी नहीं हैं। जबकि राज्य सरकार के जारी मेमो नंबर 1607 को 06 जुलाई 2023 में स्पष्ट प्रावधान है कि अनुबंधित कर्मचारी के रूप में कार्यरत जीवनसाथी वाले मामलों को भी 'दंपत्ति स्थानांतरण' श्रेणी में शामिल किया जाएगा। शिक्षकों का आरोप है कि यह कार्रवाई राज्य सरकार की स्वीकृत नीति के विरुद्ध है और समान परिस्थितियों में वर्ष 2024 में कई अन्य शिक्षकों को दंपत्ति स्थानांतरण का लाभ दिया गया है, जबकि याचिकाकताओं को वंचित रखा गया।







## दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करता है: **क्रम संख्या; नोटिस संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; बयाना राशि मूल्य** इस प्रकार है: **[1]** **डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -87-2025**; रांची मंडल के अधिकार क्षेत्र के लिए पाकुड़/तालझारी/बरहरवा खदान साइडिंग में 50 मिमी आकार के मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक गिट्टी की रेलवे वैगनों/हॉपरों में आपूर्ति और लोडिंग तथा अनलोडिंग (माप गंतव्य स्थान पर किया जाएगा); ₹12,44,86,654.68; ₹ 7,72,400.00 **[2]** **डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -88- 2025**; रांची मंडल के अधिकार क्षेत्र के लिए बाकुडीह/राजग्राम/पिनारगड़िया खदान साइडिंग में 50 मिमी आकार के 84861 घन मीटर मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति एवं लोडिंग तथा अनलोडिंग (गंतव्य पर मापन किया जाएगा); ₹ 12,38,95,362.78; ₹ 7,69,500.00 **[3]** **डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -89- 2025**; (क) नए कार्यों, मौजूदा स्वच्छता प्रणाली और जल आपूर्ति प्रणाली में परिवर्धन और परिवर्तन के निष्पादन के लिए 02 वर्ष की अवधि के लिए क्षेत्रीय कार्य, ऐसे प्रत्येक कार्य की लागत ₹ 5,00,000.00 (केवल पांच लाख रुपये) से अधिक नहीं होगी और' (ख) एसएसई (वर्क्स)/बानो के अधिकार क्षेत्र के तहत हटिया-ओरगा खंड में 'किमी 428/12 से जीबीएक्स (एक्स)' खंड के लिए 01.07.2025 से 30.06.2027 तक की अवधि के दौरान सभी साधारण और विशेष मरम्मत कार्य, सामग्री की आपूर्ति और रखरखाव कार्य और सामग्री का परिवहन; ₹ 89,99,860.82; ₹ 1,80,000.00; **[4]** **डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -90- 2025**; (क) नए कार्यों, मौजूदा स्वच्छता प्रणाली और जलापूर्ति प्रणाली में परिवर्धन और परिवर्तन के लिए 02 वर्षों की अवधि के लिए क्षेत्रीय कार्य, प्रत्येक ऐसे कार्य की लागत ₹ 5,00,000.00 (केवल पाँच लाख रुपये) से अधिक नहीं होगी और (ख) सभी साधारण और विशेष मरम्मत कार्य, सामग्री की आपूर्ति और रखरखाव कार्य और सामग्री का परिवहन एसएसई (वर्क्स) / हटिया के अधिकार क्षेत्र में 01.07.2025 से 30.06.2027 (02 वर्ष) की अवधि के लिए स्टाफ क्वार्टरों के लिए। [क्वार्टर का विवरण: टाइप-1=479, टाइप-II =456, टाइप-III = 23 कुल 958 संख्या]।); ₹ 1,00,77,440.20; ₹ 2,00,400.00। **निविदा समाप्ति की तिथि एवं समय:** 04.09.2025, 15.00 बजे (सभी निविदाओं के लिए)। निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं।

(PR-524)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़

### अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–12/2025–26

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय :दिनांक **21/08/2025** को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **22/08/2025** को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :दिनांक **22/08/2025** को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :(1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Model storage facilities for seized Narcotics Drugs and Psychotropic substance, Ramgarh | 29,00,300/- | 58,100/- | 5,000/- | 2 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमंडल ,रामगढ़**

**PR 359595 (Building)25-26*D**

## कार्यालय :–प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, हेहल, राँची
**Email id-principaletcjharkhand@gmail.com**
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## (कृषि प्रभाग)

### शुद्धि पत्र

प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, हेहल, राँची में संचालित होने वाले प्रशिक्षणों में भाग लेने वाले कृषकों/अन्य क्षेत्रीय एवं तकनीकी पदाधिकारियों को भोजनादि व्यवस्था (साफ–सफाई, सफाई सामग्री एवं रख–रखाव व्यवस्था के साथ) उपलब्ध कराने हेतु निबंधित एवं अनुभवी संस्थान/आपूर्तिकर्ता से प्रकाशित अति अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या – 01 / 2025–26 **(PR 359228 Agriculture (2025-26)# D)** के तकनीकी बीड की शर्ते क्रमांक –1 से 13 के बाद निम्न कंडिका को जोड़ा जाता है :–

1. संबंधित निविदा के तकनीकी बिड में उल्लेखित शर्तो के अतिरिक्त कंडिका सं0– 14 के रूप में संस्थान/आपूर्तिकर्ता का विगत् तीन वर्षो का अपने कर्मचारियों का कटौती किये गये **EPF / ESIC** विवरणी (Category -Wise) के साथ– साथ EPF निबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. वित्तीय बिड 04 को निविदा सूचना के साथ जोड़ कर पढ़ा जाय।
3. दर संबंधित प्रपत्र संशोधित कर पुनः निविदा सूचना के साथ संलग्न किया जा रहा है। पूर्व से उपलब्ध दर प्रपत्र इस हद तक संशोधित समझा जाऐं।
4. निविदा पत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय – 25 अगस्त 2025 दिन– सोमवार 05.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय – 26 अगस्त 2025 दिन– मंगलवार 05.00 बजे अपराह्न तक।
6. निविदा पत्र खोलने की तिथि एवं समय – 28 अगस्त 2025 दिन– गुरूवार 03.00 बजे अपराह्न तक।

इस हद तक अति अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या – 01 / 2025–26 (PR 359228 Agriculture (2025-26)#D) को संशोधित समझा जाय। शेष प्रकाशित सभी शर्ते यथावत् रहेगा।

**प्राचार्य**
**प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र**
**हेहल राँची।**

PR 359588 (Agriculture) 25-26 (D)

# श्रीकृष्ण हैं शाश्वत एवं प्रभावी सृष्टि संचालक

भगवान श्रीकृष्ण भारतीय संस्कृति के ऐसे अद्वितीय महापुरुष हैं, जिनके व्यक्तित्व में आध्यात्मिक ऊँचाई, लोकनायकत्व, व्यावहारिक बुद्धिमत्ता और कुशल प्रबंधन का अद्भुत संगम दिखाई देता है। वे केवल एक धार्मिक देवता नहीं, बल्कि सृष्टि के महाप्रबंधक, समय के श्रेष्ठ रणनीतिकार और जीवन के महान शिक्षक-संचालक भी हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन इस बात का प्रमाण है कि सही प्रबंधन के बिना न तो राष्ट्र का संचालन संभव है, न ही व्यक्ति का उत्थान। उन्होंने यह सिखाया कि प्रबंधन केवल योजनाओं और नीतियों का नाम नहीं, बल्कि भावनाओं, विवेक, नीति और समय के सामंजस्य का विज्ञान है। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं, आधुनिक शासक-नायक यदि श्रीकृष्ण के मैनेजमेंट को प्रेरणा का माध्यम बनाये तो दुनिया में युद्ध, आतंक एवं अराजकता की स्थितियां समाप्त हो जाये एवं एक आदर्श समाज-निर्माण को आकार दिया जा सके।

श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? एक देश-भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में वे जीवन जीने की कला एवं सफल नागरिकता भी सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में उच्च महाप्रबंधक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जगत में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे, जो आगे चलकर युवावतार के रूप में स्वीकृत हुए। उन्हें हम एक महान क्रांतिकारी नायक के रूप में स्मरण करते हैं। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी हम इन्हीं प्रबंधकीय विशेषताओं का दर्शन करते है, क्योंकि श्रीकृष्ण के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करते हुए वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में सशक्त भारत-नया भारत निर्मित कर रहे हैं।

श्रीकृष्ण ने द्वारका के शासक होते हुए भी कभी अपने को ह्यराजाह्न कहलाने में रुचि नहीं दिखाई। वे ब्रज के नंदलाल थे, ग्वालों के सखा, गोपियों के प्रियतम, और साथ ही धर्म के रक्षक भी। उनका जीवन दशार्ता है कि एक सच्चा नेता पद और सत्ता से नहीं, अपने कर्म और दृष्टिकोण से पहचाना जाता है। उन्होंने प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों के बीच अद्भुत संतुलन साधा- एक ओर वे महाभारत जैसे महायुद्ध के नीति निर्देशक थे, तो दूसरी ओर रास की मधुर लीलाओं में प्रेम और आनंद के स्वर बिखेरते थे। उनका प्रबंधन कौशल इस बात में स्पष्ट झलकता है कि अत्याचारी कंस को पराजित करने से पहले उन्होंने उसकी आर्थिक शक्ति को कमजोर किया। यह आधुनिक रणनीति की दृष्टि से भी सर्वोत्तम तरीका था, पहले प्रतिद्वंद्वी की संसाधन शक्ति को समाप्त करो, फिर निर्णायक प्रहार करो। यही व्यावहारिक सोच उन्हें आदर्श मैनेजमेंट गुरु बनाती है। महाभारत के युद्ध में वे स्वयं अस्त्र-शस्त्र नहीं उठाते, लेकिन रथसारथी बनकर अर्जुन के मानसिक संकट को दूर करते हैं। यह इस बात का प्रतीक है कि एक श्रेष्ठ प्रबंधक स्वयं अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर मार्गदर्शन देता है, लेकिन अपनी टीम को ही सफलता का श्रेय देता है।

## सूडोकु नवताल- 7522

✶ ✫ ✫ ✫ ✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7521 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# आजादी के लिए झारखंड के रण बांकुरों के संघर्ष पर सदा देश को नाज रहेगा

**विजय केसरी**

स्वाधीनता आंदोलन के दौरान झारखंड के रण बांकुरों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जिस बहादुरी के साथ संघर्ष किया, यह समस्त देश को गौरवान्वित करता रहेगा। झारखंड का कन -कन स्वाधीनता आंदोलन के संघर्ष से ओतप्रोत है । झारखंड से मातृभूमि की रक्षा के लिए उठने वाली आवाजें, आज तक सुनाई पड़ती है। झारखंड का स्वाधीनता आंदोलन का संघर्ष का इतिहास बहुत ही गौरवपूर्ण है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर हजारों की संख्या में झारखंडियों ने ब्रिटिश हुकूमत की सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया था और स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़े थे। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन प्रस्ताव पारित होने के बाद झारखंड के हर जिले से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आवाजें बुलंद हुई थी । लोग सड़कों पर उतर आए थे । ब्रिटिश हुकूमत के सिपाहियों ने आंदोलनकारियों पर लाठियों से जबर्दस्त प्रहार किया था । झारखंडी स्वाधीनता सेनानियों ने ब्रिटिश हुकूमत की लाठियों का सामना हंसकर किया था।

भारत छोड़ो आंदोलन और असहयोग आंदोलन को जन जन तक पहुंचाने के लिए झारखंडी आंदोलनकारियों ने अपना सर्वोच्च न्योछावर कर दिया था । इस आंदोलन का नेतृत्व करते हुए हजारों की संख्या में आंदोलनकारी गिरफ्तार हुए थे। हजारीबाग के प्रखर स्वाधीनता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह ने अंग्रेजो के खिलाफ संपूर्ण झारखंड सहित देश का भ्रमण किया था। वे घूम घूम कर लोगों को जागृत कर रहे थे। बाबूराम राम नारायण सिंह बहुत जल्द ही ब्रिटिश हुकूमत की नजरों में आ गए थे। वे उनकी हीट लिस्ट में शामिल हो गए थे। बाबू राम नारायण सिंह को तुरंत गिरफ्तार कर हजारीबाग के सेंट्रल जेल में डाल दिया गया था । हजारीबाग के ही शालिग्राम सिंह, कर्मवीर सहित कई स्वाधीनता सेनानियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जोरदार आंदोलन कर अपनी गिरफ्तारी दी थी।

इधर 1899 से 1900 के बीच बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ मुख्य उलगुलान नामक विद्रोह का नेतृत्व किया । यह विद्रोह झारखंड के छोटानागपुर पठार क्षेत्र में हुआ था । यह विद्रोह ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीतियों और स्थानीय शोषकों जैसे जमींदारों और साहूकारों के खिलाफ आदिवासी प्रतिरोध का एक महत्वपूर्ण अध्याय था। बिरसा मुंडा ने लोगों के बीच ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ स्वाधीनता का अलख जगाने का भी काम किया था। सिद्धू - कान्हू सहित लाखों लोगों ने भी ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की थी । सिद्धू - कान्हू के संयुक्त स्वर में इतनी तेज थी कि ब्रिटिश हुकूमत की नींव हिल गई थी ।

झारखंड की पहली महिला स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर स्वाधीनता सेनानी बनने का संकल्प लिया था। उन्होंने महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन में बहुत ही जोशीला भाषण दिया था । उन्होंने पर्दा प्रथा का विरोध करने के साथ नारी उत्पीड़न के खिलाफ भी आंदोलन किया था। झारखंड से स्वाधीनता संग्राम में गिरफ्तार होने वाली सावित्री देवी पहली महिला थी।

कृष्ण बल्लभ सहाय झारखंड के एक जाने-माने स्वाधीनता सेनानी थे । वे देश की आजादी के बाद एकीकृत बिहार के मुख्यमंत्री भी बने थे। इनका संपूर्ण जीवन स्वाधीनता आंदोलन को समर्पित रहा था । उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन की ऐसी अलख जगाई थी, जिसमें हजारों की संख्या में झारखंड के युवा सम्मिलित हुए थे। 1930 में नमक कानून का विरोध करते हुए वे हजारीबाग केंद्रीय कारा में बंद हुए थे । जेल से छूटने को उसरांत कृष्ण बल्लभ सहाय एक कदम भी पीछे हटे नहीं बल्कि आजादी के लिए निरंतर संघर्षरत रहे थे।

पलामू के बनवारी सिंह, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे । पलामू से ही बनवारी सिंह ने स्वाधीनता आंदोलन की शुरूआत किया था। 1927 में जब गांधी जी डाल्टेनगंज आए थे, उस समय उनकी उम्र मात्र 20 साल थी। इस उम्र में भी उन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ उग्र आंदोलन किया था ।? भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान अंग्रेजी सिपाहियों ने उन्हें गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल में डाल दिया था । वे हजारीबाग जेल में करीब डेढ़ वर्ष कैद रहे थे।

झारखंड के गुमला निवासी रामप्रसाद ने महात्मा गांधी के आह्वान पर स्वाधीनता आंदोलन का संकल्प लिया था। इन्होंने संपूर्ण गुमला में स्वाधीनता आंदोलन का अलख जलाया था । 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के समय रामप्रसाद, महात्मा गांधी के संपर्क में आए थे। बाद में वे उनके साथ जेल भी गए थे । रामप्रसाद ने डॉ राजेंद्र प्रसाद, विनोबा भावे जैसे नेताओं को निमंत्रण देकर गुमला बुलाया था। वे गुमला में आजादी के संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने में कामयाब हुए थे। देश की आजादी के बाद वे विनोबा भावे के भूदान यज्ञ से जुड़ कर सैकड़ों भूमिहीनों को भूमि दिलवाए थे। इनका संपूर्ण जीवन स्वाधीनता आंदोलन और समाज सेवा में बीता था।

लोहरदगा के देशभक्त बुधन सिंह देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वालों के नायक थे। 1940 के रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद और मौलाना अबुल कलाम आजाद के साथ कदम से कदम मिलाकर भाग लिए थे। उनके नेतृत्व में लोहरदगा से कई लोग इस रामगढ़ अधिवेशन में शामिल हुए थे। इस अधिवेशन में एक खास बात यह हुई थी कि डॉ राजेंद्र प्रसाद ने यह शर्त रखी थी कि जो मेरी गाड़ी वही चलाएगा, उसे जीवन भर खादी वस्त्र पहनना होगा। देशभक्त बुधन सिंह ने डॉ राजेंद्र प्रसाद की यह शर्त स्वीकार कर लिया था। उन्होंने राजेंद्र प्रसाद को गाड़ी में बैठा कर अधिवेशन तक लाया था। वे जीवन पर्यंत खादी पहने थे। झारखंड के कई स्वतंत्रा सेनानी ऐसे भी हुए थे, जिनकी ज्यादा चर्चा नहीं होती है । ऐसे नायक जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन स्वाधीनता आंदोलन को समर्पित कर दिया था । उन्हीं में एक थे, कोडरमा जिले के शिव प्रसाद लाल। इन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ जबरदस्त ढंग से संघर्ष का बिगुल फूंका था । शिवप्रसाद, कोडरमा की माइका कंपनी छोटू राम होरील राम में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। गांधी जी के आह्वान पर वे आंदोलन में कूद पड़े थे। आंदोलन में कूदने के कारण उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ा था । इसका उन्होंने तनिक भी परवाह नहीं किया था। सविनय अवज्ञा, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन और विदेशी कपड़ों के बहिष्कार जैसे आंदोलन में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की थी। उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया था । वे झारखंड में स्वाधीनता आंदोलन को मजबूत करने और गति देने का काम कर रहे थे। असहयोग आंदोलन और नमक सत्याग्रह की गतिविधियों में हिस्सा लेते रहे थे। अंग्रेजी हुकूमत ने उनको गिरफ्तार कर छः माह के लिए जेल में डाल दिया था । वे देश की आजादी दिलाने की जीद पर अड़े रहे थे ।

झारखंड के एक नायाब आंदोलनकारी भागीरथ मांझी थे। वे संताल समाज के थे। वे एक ऐसे अनोखे आंदोलन के प्रणेता थे, जिसने सत्याग्रह, अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धांतों पर आधारित सामाजिक एकजुटता से ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती दी थी । देश की आजादी की लड़ाई में संथाल समाज की अहम भूमिका रही थी। देश की आजादी के बाद भी वे आंदोलनरत थे। उनके विषय में इतिहास की पुस्तकों में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। भागीरथ मांझी का संपूर्ण जीवन स्वाधीनता आंदोलन और समाज सुधार में बीता था। झारखंड के सत्याग्रहियों के आंदोलन का जब भी जिक्र होगा, उसमें उनके अवदान को कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकता है ।

महात्मा गांधी के आह्वान पर झारखंड के हरिवंश टाना भगत ने पीपल के पेड़ पर तिरंगा फहरा कर आजादी का एलान किया था। इनका संपूर्ण जीवन भारत के स्वाधीनता आंदोलन में बीता था। हरिवंश टाना भगत रांची जिला के मांडर के करकरा गांव के थे। उन्होंने आजादी के आंदोलन में टाना भगत बने थे। उन्होंने टाना भगतों की जीवनशैली से जुड़ी एक किताब भी लिखी थी । इसमें टाना भगतों के स्वाधीनता आंदोलन के संघर्ष का विस्तार से चर्चा है।

बुढ़मू प्रखंड निवासी नंदू साहू, महात्मा गांधी के आवाहन पर स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे । वे 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में जेल गए थे । उन्होंने टाना धर्म अपनाकर लोगों को जागरूक किया था। 1942 में ही भारत छोड़ो आंदोलन के समय नंदू साहू सर्वसम्मति से बुढ़मू प्रखंड के थाना मंत्री बनाए गए थे।

रांची, एचईसी धुर्वा निवासी स्वर्गीय रामरक्ष उपाध्याय ब्रह्मचारी प्रखर स्वतंत्रता सेनानी व समाजसेवी थे। इनका जन्म बिहार में जरूर जरूर हुआ था, लेकिन इनका संपूर्ण जीवन झारखंड में बीता था । उन्होंने लोहरदगा में आदिवासियों को शिक्षित करने के लिए हिंदू इंग्लिश हाई स्कूल की स्थापना किया था। उन्होंने चौपारण सत्याग्रह और नमक सत्याग्रह में भाग लिया था। वे देश की आजादी के बाद बिना किसी चाह के आजीवन समाज सेवा से जुड़े रहे थे। वे लोगों को सदा जागृत और नैतिकता का पाठ पढ़ाते रहे थे।

# पाकिस्तान की आर्थिक नाकामी फिर उजागर, विश्व को भारत की चेतावनी सही निकली

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सात अरब डॉलर की विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) के तहत पाकिस्तान के लिए मंजूर पैकेज की दूसरी समीक्षा ने एक बार फिर उस सच्चाई को सामने रख दिया है, जिसे भारत लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रेखांकित करता आ रहा है कि पाकिस्तान की आर्थिक संरचना इतनी जर्जर और राजनीतिक एवं सैन्य हितों से बंधी हुई है कि कोई भी वित्तीय मदद वहां स्थायी सुधार का रूप नहीं ले पाएगी। बीते सात दशकों में यह बार-बार साबित हुआ है कि बेलआउट पैकेज उस देश के लिए स्थायी समाधान नहीं हैं, जहां नीतिगत स्थिरता की कमी हो और आर्थिक प्राथमिकताएं राजनीतिक और सैन्य हितों से संचालित हों।

भारत का यह कहना कि पाकिस्तान आईएमएफ फंड का इस्तेमाल सैन्य गतिविधियों और सीमापार आतंकवाद में कर सकता है, केवल राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि ऐतिहासिक अनुभव पर आधारित चेतावनी है। जब रक्षा बजट साल-दर-साल बढ़ रहा हो और शिक्षा-स्वास्थ्य पर खर्च घट रहा हो, तो यह साफ है कि विकास प्राथमिकता सूची में नीचे है। पाकिस्तान ने अब तक लगभग 25 बार (1958 से) आईएमएफ की सहायता ली है, जो दुनिया में किसी भी अन्य देश की तुलना में बहुत अधिक है। यह एक पैटर्न बन चुका है, बेलआउट, सुधार की घोषणा, फिर गिरावट। मई 2025 में जब आईएमएफ के बोर्ड की बैठक में पाकिस्तान को 2.3 बिलियन डॉलर की मंजूरी दी गई, तो भारत ने मतदान से दूर रहते हुए इस मदद पर आपत्ति जताई थी।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि प. हरिश ने पाकिस्तान को 'आईएमएफ का बार-बार कर्ज लेने वाला देश' बताकर उसकी आर्थिक नीति की स्थिरता पर सवाल उठाए, और पाकिस्तान की आर्थिक असफलताओं को आतंक तथा कट्टरता से जोड़कर पेश किया। वस्तुतः भारत ने जो पाकिस्तान को लेकर आईएमएफ को चेताया और पूरी दुनिया को उसका सच दिखाया था, वह आज एक बार फिर से सच साबित हुआ है। हालिया समीक्षा में पाकिस्तान पांच में से तीन लक्ष्यों को हासिल करने में नाकाम रहा, जो अपने आप में आईएमएफ की शर्तों और पाकिस्तान की नीतिगत प्रतिबद्धताओं के बीच की गहरी खाई को उजागर करता है। पाकिस्तानी वित्त मंत्रालय की 'फाइनेंशियल ऑपरेशंस समरी' इस असफलता की पुष्टि करती है।

यहां ध्यान आता है वह समय जब आईएमएफ की पिछली बैठक में भारत के प्रतिनिधि परमेश्वरन अय्यर ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि वैश्विक वित्तीय संस्थानों को अपनी प्रक्रियाओं में नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए, विशेषकर उन मामलों में जहाँ सहायता प्राप्त करने वाला देश सैन्य गतिविधियों और सीमा पार आतंकवाद में संलिप्त रहा हो, वहां किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता या ऋण को मंजूरी नहीं देनी चाहिए। भारत की चिंता केवल आर्थिक नहीं है; उसका मानना है कि पाकिस्तान को मिलने वाली वित्तीय मदद का एक हिस्सा अप्रत्यक्ष रूप से उसकी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करता है, जिससे आतंकवाद को बढ़ावा मिलता है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने भी इसी संदर्भ में कहा कि जो देश पाकिस्तान को बार-बार बेलआउट दे रहे हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि केवल वित्तीय सहायता देकर उसके मूल संकट का समाधान संभव नहीं है, जब तक कि उसकी नीतिगत और सुरक्षा-संबंधी दिशा में मूलभूत परिवर्तन न हो। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तो और भी कड़े शब्दों में कहा था कि आईएमएफ की यह सहायता आतंक के लिए अप्रत्यक्ष वित्तपोषण साबित हो सकती है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस जोखिम को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चिंता जताई थी कि फंड जारी होने के समय पाकिस्तान न केवल आर्थिक संकट से जूझ रहा था, बल्कि सीमा पार हमलों में भी सक्रिय था, जिससे उसकी सैन्य गतिविधियों को आर्थिक सहारा मिला।

वस्तुतः भारतीय आर्थिक विश्लेषकों ने भी इस विफलता को लेकर गंभीर टिप्पणियां की हैं। वरिष्ठ अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला का कहना है कि बेलआउट को सख्त निगरानी और ठोस सुधारों की शर्तों से जोड़ा जाना चाहिए, वरना यह केवल तात्कालिक राहत तक सीमित रह जाएगा। प्रिंसटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अशोका मोदी का तर्क है कि पाकिस्तान में सैन्य-राजनीतिक गठजोड़ सुधारों की राह में सबसे बड़ा रोड़ा है, और जब तक सेना का आर्थिक और राजनीतिक हस्तक्षेप खत्म नहीं होगा, तब तक कोई भी वित्तीय पैकेज वास्तविक परिवर्तन नहीं ला सकेगा। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर स्टेफन डेरकॉन ने पाकिस्तान को 'सीरियल बेलआउट क्लाइंट' बताते हुए कहा कि इसके पीछे राजनीतिक अस्थिरता और संरचनात्मक कमजोरी है।

पाकिस्तान की विफलताएं सिर्फ आर्थिक नहीं, नीतिगत, संस्थागत और संरचनात्मक हैं। आईएमएफ का 7 बिलियन डॉलर का पैकेज एक बार फिर तय करता है कि केवल फंड देना पर्याप्त नहीं; उस पर कार्रवाई, निगरानी और जवाबदेही भी होनी चाहिए। भारत की आपत्तियां (आईएमएफ के बोर्ड में अभाव, कृषि एवं रक्षा खर्च की प्राथमिकता, सेना का प्रभुत्व), भारतीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की टिप्पणियाँ और पाकिस्तान की वास्तविकता, ये सभी मिलकर एक संदेश देते हैं कि बेलआउट का असल स्थायित्व तभी सुनिश्चित होता है, जब सुधार नीति, राजनीतिक जवाबदेही और कैपिटिल इंटर्नल जरूरतों को साथ ले कर चलना हो।

भारत का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं को केवल आर्थिक आंकड़ों और तात्कालिक स्थिरता के आधार पर निर्णय नहीं लेना चाहिए। सुरक्षा, राजनीतिक स्थिरता, और सहायता का वास्तविक उपयोग जैसे पहलुओं को भी महत्व देना चाहिए। पाकिस्तान का मामला यह स्पष्ट करता है कि बिना जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित किए दिया गया बेलआउट केवल संकट को आगे खिसकाता है, समाप्त नहीं करता। यही कारण है कि भारत ने न केवल आईएमएफ बल्कि विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसे अन्य संस्थानों को भी बार-बार चेताया है कि पाकिस्तान को दी जाने वाली किसी भी मदद को कड़े सुधारों और निगरानी के साथ जोड़ा जाए।

कुल मिलाकर आज यह कहना सही होगा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा पाकिस्तान को दी गई 7 अरब डॉलर की बेलआउट सुविधा की दूसरी समीक्षा में तीन में से तीन प्रमुख आर्थिक लक्ष्यों में विफलता, संघीय राजस्व बोर्ड (एफबीआर) द्वारा 12.3 लाख करोड़ रुपये संग्रह लक्ष्य का अधूरा रह जाना, 'ताजिर दोस्त योजना' के तहत 50 अरब रुपये जुटाने में विफलता और प्रांतीय सरकारों द्वारा 1.2 लाख करोड़ रुपये की बचत लक्ष्य का अधूरा रह जाना ने सिर्फ आर्थिक ही नहीं, बल्कि राजनीतिक मसलों को भी फिर से गर्म कर दिया है। इन लक्ष्यों की पूर्ति न हो पाने से पाकिस्तान की वित्तीय प्रबंधन क्षमता पर सवाल उठे हैं और भारत की वह पुरानी आपत्ति कि पाकिस्तान 'आईएमएफ फंड' का उपयोग सैन्य और आतंकवादी गतिविधियों में कर सकता है भी आज पुष्ट होती दिख रही है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# स्वतंत्रता आंदोलन में लंदन में गरजा शेर -मदन लाल ढींगरा

**वरुण कुमार**

देश की आजादी में प्राणों की आहुति देने वाले मदन लाल ढींगरा का अलग स्थान है। इंग्लैंड में कर्जन वायली की गोली मारकर हत्या कर फांसी के फंदे को हंसते-हंसते गले लगाने वाले मदन लाल ने स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी को आग में बदल दिया था। स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मदन लाल ढींगरा स्वाधीनता के लिए संघर्ष के लिए मदन लाल ढींगरा के तरीके से कोई सहमत हो या न हो, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि वह भगत सिंह जैसे शहीद-ए-आजम के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने और ऊधम सिंह जैसे क्रांतिकारी के लिए पथ प्रदर्शक। ढींगरा जब ब्रिटेन के इंपीरियल इंस्टीट्यूट में कर्नल वायली पर गोलियां बरसा रहे थे तो वो देश के उन नौजवान क्रांतिकारियों के अंदर स्वाभिमान भर रहे थे जिसके कारण ये युवा स्वाधीनता का स्वप्न देखने लगे थे। ऐसे नौजवानों की बहुत बड़ी जमात उस वक्त देश में थी जिसको ढींगरा ने अपने कृत्य से प्रभावित किया। मदन लाल ढींगरा भी चाहते तो अपने भाइयों की तरह ऐश-ओ-आराम की जिंदगी बसर कर सकते थे। वह अपने सात भाइयों में छठवें नंबर पर थे। कालेज के दिनों में ही उनके अंदर स्वराज की भावना घर करने लगी थी। महात्मा गांधी ने तो बाद में स्वदेशी को स्वराज की आत्मा बताया, लेकिन उसके पहले से ही मदन लाल ढींगरा इसको जीने लगे थे। उन्होंने छात्र जीवन में ही कालेज की कोट का बहिष्कार कर दिया था, क्योंकि उसका कपड़ा ब्रिटेन से आया था। उनके इस कदम ने अन्य छात्रों के अंदर भी स्वदेशी की भावना जगाई। कालेज प्रशासन ने उन पर कार्रवाई की और कालेज से निकाल दिया, लेकिन वो स्वदेशी को लेकर अड़े रहे।

ढींगरा के जीवन में ऐसा ही दिन मई 1907 में आया, जब लंदन की सड़कों पर घूमते-घूमते एक दिन मदन लाल इंडिया हाउस पहुंच गए। उस समय भारत की दुर्दशा पर वीर सावरकर का भाषण चल रहा था। भारत से लंदन पढ़ने आए विद्यार्थी इसे बड़े गौर से सुन रहे थे। मदन लाल भी पीछे जाकर बैठ गए। वह सावरकर के भाषण से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने भी भारतीय छात्रों के साथ इंडिया हाउस में रहने का संकल्प ले लिया।

उस समय वहां अन्य प्रमुख भारतीयों में नीति सेन दास, अली खान, विनायक दामोदर सावरकर, महादेव बापट, वीरेंद्रनाथ चट्टोपाध्याय, हरनाम सिंह अरोड़ा, बीबीएस नैयर, गोविंद अमीन, गंडुरंग आदि रह रहे थे। मदन लाल ने अपने पिता डा. दित्तमल और भाइयों की तुलना यहां के लोगों से की। बस यहीं से युवा मदन लाल के मन में अंग्रेजों के प्रति नफरत पनपने लगी और वह भारत की आजादी के लिए दृढ़ संकल्पित हो गए।

वह हमेशा अंग्रेजों से उनके द्वारा दी जा रही यातनाओं का बदला लेने की बात करते। कहते हैं कि एक दिन सावरकर ने उनकी परीक्षा लेने के लिए उनसे हाथ आगे करने को कहा। मदन लाल ने हाथ आगे कर दिया। सावरकर ने उनके हाथ में सूआ गाड़ दिया, लेकिन इस पंजाबी सपूत ने आह तक नहीं भरी। सूआ निकाल लिया तो दोनों की आंखों में आंसू भर आए।

अंग्रेजों ने इंडिया हाउस में बढ़ती मदन लाल की गतिविधियों की खबरें उनके पिता डा. दित्तमल तक पहुंचानी शुरू कर दीं। इससे उनके पिता बहुत नाराज हुए। उन्होंने बेटे को उपदेश भरे कई पत्र लिखे, लेकिन मदन लाल अपने पथ से नहीं डगमगाए। उनका प्रत्येक निर्णय सुविचारित रहा। प्रसिद्ध इतिहासकार एमएम जुनेजा अपनी किताब में लिखते हैं कि- 'ढींगरा का मानना था कि कई बार गैर-जिम्मेदार तरीके से काम करने पर सोच-समझकर किए जाने वाले काम का रास्ता बंद हो जाता है जैसा कि स्वाधीनता के प्रथम संघर्ष के अवसर पर मंगल पांडे ने एक छोटी सी बात पर उत्तेजित होकर एक महान योजना को खटाई में डाल दिया था।'

'सारा भारत बना परिवार' मदन लाल ढींगरा के बारे में अक्सर लोग यह सवाल करते हैं कि उन्होंने ब्रिटिश सेना के कर्जन वायली को क्यों मारा? दरअसल, ढींगरा कर्जन वायली को भारतीयों पर किए जा रहे अत्याचारों के लिए दोषी मानते थे। इसीलिए उन्होंने कर्जन वायली को मारा था। उनकी दृष्टि में यह अन्याय का प्रतिकार करना था। कर्जन वायली को मारने पर भारत में भी मिली-जुली प्रतिक्रिया ही मिली थी। एमएम जुनेजा ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि गांधी जी ने जोहांसबर्ग से छपने वाले अपने पत्र 'इंडियन ओपिनियन' में भी इसी प्रकार की प्रतिक्रिया दी और कहा था, ह्यकर्जन वायली की हत्या हुई, यह भयंकर काम हुआ है। इससे भारत की बहुत हानि हुई है। यह कृत्य हमारे विचार से अनुचित है। हालांकि उन्होंने दूसरों की बातों के आधार पर विचार निर्मित करके यह काम किया। इसलिए, मैं उनको निर्दोष मानता हूं।'

दूसरी ओर इंडिया हाउस के संस्थापक श्यामजी कृष्ण वर्मा की नजरों में उन्होंने वह काम किया था जो साम्राज्यवाद के शिकार अन्य देशों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बना। इतिहास इस बात का गवाह है कि मदन लाल शायद एकमात्र ऐसे क्रांतिकारी शहीद हैं जिनके स्वजनों ने उन्हें अपने वंश को कलंकित करने वाला बताया। शायद इसी कारण क्रांतिकारियों का इतिहास लिखने वाले श्रीकृष्ण सरल को लिखना पड़ा, 'क्या हुआ जो मदन लाल ढींगरा को स्वयं उनके पिता और भाइयों ने अस्वीकार कर दिया, पर करोड़ों भारतीयों ने तो उन्हें अपनी पूरी श्रद्धा के साथ अपना लिया है। सारे संसार में जहां-जहां भारतीय थे, मदन लाल ढींगरा उन सबके प्रिय बन गए।'

17 अगस्त, 1909 को पेंटनविले जेल में मदनलाल धींगड़ा को फाँसी दे दी गई। मात्र 26 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी।

## दैनिक पंचांग

**15 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 05.48 बजे से |
| चंद्र | मेष में | कन्या | 08.00 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 10.11 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.25 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 14.41 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 16.46 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.33 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.06 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.36 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | वृष | 23.16 बजे से |
| | | मिथुन | 01.14 बजे से |
| | | कर्क | 03.28 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 227 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 23.50 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 07.36 बजे को समाप्त। **योग** गण्ड 10.17 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 12.59 बजे तदनन्तर बव 23.50 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 14°02' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872437 **जूलियन दिन** 2460902.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 20 **विशेष** शीतला साटम, जन्माष्टमी, आद्याकाली जयंती, स्वतंत्रता दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# कैमरून में फंसे झारखंड के 19 मजदूर सोशल मीडिया पर वतन वापसी की गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग और बोकारो जिलों के 19प्रवासी मजदूर अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे हुए हैं ।मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है ।11 मजदूरों का चार महीने और 8 मजदूरों का दो महीने से कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके सामने खाने-पीने और अन्य जरूरतों का गंभीर संकट खड़ा हो गया है ।ऐसी स्थिति में मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके अपनी दुर्दशा बताई है। इसके साथ ही सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई हैं ।इसके साथ ही लोगों ने बकाया वेतन के भुगतान की मांग भी की है।



**सामाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर अली ने रखी सरकार के सामने मांग**

इस सिलसिले में प्रवासी श्रमिकों के मुद्दे पर काम करनेवाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों के सकुशल वतन वापसी के लिए ठोस कूटनीतिक पहल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विदेशों में फंसने वाले मजदूरों का यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पहले भी कई बार प्रवासी मजदूर ज्यादा पैसे कमाने की लालच में विदेश जाकर फंस चुके हैं। काफी मशक्कत के बाद उनकी वतन वापसी कराई गई ।इसके बावजूद प्रवासी मजदूर पुरानी घटनाओं से सबक नहीं ले रहे हैं ।सरकार को मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है।

# बरही में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य तिरंगा यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को एनएच डाक बंगला से बरही चौक गोलंबर तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम में बरही विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी ने किया, जबकि संचालन की जिम्मेदारी पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने निभाई। तिरंगा यात्रा के दौरान बरही चौक गोलंबर पर देशभक्ति के नारे गूंजते रहे और लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज लहराकर आजादी के अमृत महोत्सव का उल्लास व्यक्त किया। विधायक मनोज कुमार यादव ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा हमारी शान और एकता का प्रतीक है, जिसे हर भारतीय को सम्मान और गर्व के साथ फहराना चाहिए। उन्होंने लोगों से देश की एकता, अखंडता और स्वच्छता के संकल्प को बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष विजय यादव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, अर्जुन साव, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, हरेंद्र गोप, मुखिया मोतीलाल चौधरी, मंगलदेव यादव, अर्जुन साव, आलोक बरनवाल, नागेश्वर रजक, सिकंदर कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने निकाला तिरंगा यात्रा

**बड़कागांव :** स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा विद्यालय प्रांगण से चल कर ग्राम खरांटी,गोसाई बलिया ओर डॉकाटांड चौक से वापस विद्यालय प्रांगण सम्पन्न हुआ । तिरंगा यात्रा में लोग पंतीबद तरीके से तिरंगा लेकर भारत माता की जय व वनदे मातरम के नारे लगाते हुए भ्रमण कर रहे थे ।मोके पर विद्यालय के निर्देशक विजय कुमार यादव, प्रधानाचार्य, विकास कुमार दास एवं शिक्षक सुरेश प्रजापति, ज्योतींद्र कुमार, मोहन कुमार यादव, तालों सोरेन, आकाश कुमार दास, बबिता देवी, निशा कुमारी एवं आशिका कुमारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# मुआवजा शिविर पर पथराव मामले में पांच लोग गिरफ्तार

**बड़कागांव :** 12 अगस्त को महुगाई कला पंचायत भवन में एनटीपीसी कोल माइंस बादाम कोल ब्लॉक के लिए अंबाजीत मौजा अंतर्गत रैयतो के मुआवजा भुगतान हेतु आयोजित शिविर में ग्रामीणों के द्वारा पथराव को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कांड संख्या 207/ 25 दर्ज किया गया है। जिसमें 93 नामजद एवं 200 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। 13 अगस्त की रात्रि को पुलिस ने कार्रवाई कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।जेल भेजे गए लोगों में बादम से दामोदर साव,विक्की कुमार गुप्ता एवं सनी कुमार गुप्ता वहीं हरली गांव से टिकेश्वर कुमार एवं देवनारायण महतो को पुलिस ने जेल भेजा है। गिरफ्तारी के पश्चात थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा कि कोई भी कानून को अपने हाथ में ना ले जो भी गलत करेंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। निश्चित तौर पर कानूनी कार्रवाई होगी ।वहीं बुधवार की आधी रात को आरोपियों को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर ,आरोपियों के परिजनों ने मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित महिलाओं ने कहा की हम लोगों के साथ पुलिस बर्बरता के साथ मारपीट की है ।5 महिलाएं हजारीबाग हॉस्पिटल में इलाज रत हैं। इसके खिलाफ ग्रामीणों ने सुबह 4:00 बजे से लेकर शाम 4:00 तक कुल 12 घंटे तक थाने को घेरे रखा, जिसमें कई गांव के ग्रामीण शामिल थे।

WITH BEST COMPLIMENTS FROM
ADITYA BIRLA
HINDALCO
HINDALCO INDUSTRIES LIMITED
MURI WORKS : CHOTA MURI
DIST : RANCHI, JHARKHAND


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रोशनलाल चौधरी
बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र विधायक


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रेम दास
रोजगार सेवक ग्राम पंचायत कटैया सतगावां कोडरमा


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
बिरेंद्र कुमार (मुखिया)
ग्राम पंचायत कोटियार सतगावां, कोडरमा


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
ललिता देवी (मुखिया)
प्रतिनिधि देवनारायण यादव, पुरनानगर पंचायत प्र.-मरकच्चो, जिला -कोडरमा (झारखण्ड)


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सुभद्रा महतो
जिला परिषद भाभी प्रत्याशी कुकडू


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शशिभूषण कुमार
थाना प्रभारी नवलशाही थाना जिला -कोडरमा, झारखण्ड


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शोभा देवी (मुखिया)
डगरनवा पंचायत प्र. मरकच्चो जिला -कोडरमा (झारखण्ड)


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राजश्री बाखला
प्रखंड विकास पदाधिकारी कुकड़



स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रखण्ड कार्यालय
हिरणपुर, पाकुड़


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अर्चना सिंह
प्रदेश मंत्री भाजपा महिला मोर्चा


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मो0 अबु तल्हा आलम उर्फ मोनू अख्तर
आजसू पार्टी जिला सचिव हजारीबाग

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Sec-4, City Centre, Plot No-HE-25
Sec-9, Gaytri Mandir, SSP-1

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ADMISSION OPEN
Session 2026-27
NURSERY-VIII
Contact: 7004177907, 8789135759


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राजेंद्र सिंह
महामंत्री, क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ,( एचएमएस) कार्यकारी अध्यक्ष एसएमईएफआई सदस्य एनजेसीएस एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी हिंद मजदूर सभा


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रंजीत भंडारी
कोटालपोखर कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष



स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉक्टर रमनेश प्रसाद
सिंगपुर नर्सिंग होम, सिल्ली मुरी


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
विनय कुमार महतो
समाजसेवी















| क्या करें (✓) | क्या न करें (×) |
| --- | --- |
| छिड़काव दल विनम्र व्यवहार के साथ घर के मालिकों को कालाजार संबंधित जानकारी से अवगत करायें एवं छिड़काव के महत्व को बताकर घर में छिड़काव हेतु अनुमति लें। | किसी भी घर को छिड़काव से वंचित न रहने दें। |
| सभी उपकरण जैसे छिड़काव पम्प, सुरक्षा वस्त्र, बाल्टी, मापक, कीटनाशक, दल के साथ सही स्थिति में उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। साथ ही छिड़काव कर्मी प्रतिदिन लक्ष्य हासिल करना सुनिश्चित करेंगे। | छिड़काव कर्मी कीटनाशी छिड़काव के दौरान न कुछ खायेंगे और न ही धूम्रपान करेगें। |
| छिड़काव हेतु घोल बनाते समय हाथों में दस्ताने एवं नाक पर मास्क अवश्य पहनें। छिड़काव करते समय हमेशा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE Kit) का प्रयोग अवश्य करें। | बिना व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE Kit) पहनें छिड़काव कार्य ना करें। घर की बाहरी दीवारों पर छिड़काव ना करें। |
| छिड़काव कर्मियों द्वारा उपस्थिति पंजी में उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा। किसी कर्मी के अनुपस्थित रहने पर संबंधित क्षेत्र के MTS/KTS को दूरभाष पर जानकारी देना आवश्यक होगा। प्रतिदिन कीटनाशी की खपत का Stock Register में संधारण अनिवार्य होगा। | छिड़काव किये गए घरों के बाहर स्टेंसिल बनाना नहीं भूलें एवं फॉल्स स्टेंसिल न बनाएँ। |
| छिड़काव के बाद सभी उपकरणों को तीन बार धोयें। धोने के उपरांत बचे हुए सारे पानी को गाँव से दूर गढ्ढा खोद कर डालें। | छिड़काव के बाद सभी उपकरणों को धोने के उपरांत बचे हुए पानी को गाँव के सार्वजनिक स्थलों में नहीं फेकें तथा सुरक्षा वस्त्रों को अन्य वस्त्रों के साथ ना रखें। |
| किसी छिड़काव कर्मी को स्वास्थ्य संबंधी शिकायत होने पर इसकी सूचना अपने पर्यवेक्षक को दें। | किसी छिड़काव कर्मी को यदि कमजोरी, सिरदर्द, थकान, नेत्र अथवा त्वचा में जलन, नशीली चीजों का सेवन, साँस लेने में तकलीफ या अन्य कोई गंभीर रोग की शिकायत है, तो उन्हें छिड़काव कार्य की अनुमति नहीं है। |

कालाजार की जाँच और उपचार
सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त उपलब्ध है।

आइए निष्ठापूर्ण जिम्मेदारी निभाएँ, अपने गांव से कालाजार को दूर भगाएं

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902